

वर्ष:5 | अंक : 286 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, रविवार 15 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

St. Soldier GROUP OF INSTITUTIONS SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE — More Than Just Education... — 2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg. • Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg. • Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science • D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T. • B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology • B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care • B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years) • B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg. • Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com • M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
CORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

चैरिटेबल अस्पताल पर चला प्रशासन का पीला पंजा, पुलिस इमारत करेगी फ्रीज

इमारत का निर्माण नशा कारोबार से अर्जित काली कमाई से कराया गया था, तीन मामलों में से दो NDPS एक्ट के तहत, एक केस आर्म्स एक्ट से संबंधित

- रेवेन्यू डिपार्टमेंट के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी अनुराग वर्मा ने पंजाब के सभी डीसी को आदेश जारी किए

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/सिद्धू: नशे के खिलाफ पुलिस और निगम टीम ने जालंधर में कपूरथला रोड स्थित बस्ती बावा खेल में निर्माणाधीन एक चैरिटेबल अस्पताल पर कार्रवाई की। टीम ने अस्पताल की इमारत के कुछ हिस्से पर पीला पंजा चलाया। इस इमारत का निर्माण नशीली दवाइयों के कारोबार से अर्जित काली कमाई से किया जा रहा था। पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह ने बताया कि इमारत अमनदीप सिंह की है, जिसके खिलाफ पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। अमनदीप के खिलाफ दर्ज तीन मामलों में से दो ~~हथ्थक~~ एक्ट के तहत हैं, जबकि एक मामला आर्म्स एक्ट से संबंधित है। इस मामले में अमनदीप सिंह और उसके पिता के मेडिकल लाइसेंस भी रद्द किए जा चुके हैं। पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह ने बताया कि अमनदीप सिंह आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है और नशीली दवाइयों के कारोबार से हुई अवैध कमाई से इस इमारत का निर्माण करवाया जा रहा था। करीब दो सप्ताह पहले अमनदीप सिंह की दुकान पर छापेमारी की गई थी। इस दौरान पुलिस ने वहां से एक लाख से अधिक नशीली गोलियां बरामद की थीं। नशे के खिलाफ अभियान जारी है और हॉटस्पॉट इलाकों में कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल निर्माणाधीन अस्पताल के कुछ हिस्से पर कार्रवाई की गई है। अस्पताल के निर्माण के पीछे अवैध कमाई का इस्तेमाल किया जा रहा था। आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से पूरी इमारत पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस संपत्ति को फ्रीज करने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाएगी। इसके बाद यहां सरकारी इमारत बनाने की योजना है। प्रशासन का उद्देश्य नशे के कारोबार से जुड़ी अवैध संपत्तियों पर शिकंजा कसना है।

नगर निगम के जारी किए नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिला

सीपी सतिंदर सिंह के अनुसार, नगर निगम की ओर से इमारत के संबंध में अमनदीप सिंह को पहले भी नोटिस जारी किए गए थे। हालांकि, उसकी तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। जून महीने में थाना डिवीजन नंबर-1 के क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई झड़प में भी अमनदीप सिंह का नाम सामने आया था और वह फिलहाल जेल में बंद है।



जलंधर नॉर्थ से टिकट मिलने के बाद मेयर वनीत धीर ने परिवार सहित श्री देवी तालाब मंदिर में टेका माथा

माता रानी का आशीर्वाद लेकर चुनाव में जीत की कामना की

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/सिद्धू: जलंधर नॉर्थ विधानसभा हलके से टिकट मिलने के बाद मेयर वनीत धीर ने अपने परिवार सहित प्रसिद्ध श्री देवी तालाब मंदिर में माथा टेककर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ माता के दरबार में नतमस्तक होकर आगामी चुनाव में जीत और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस धार्मिक अवसर पर उनकी पत्नी एवं पूर्व पार्षद श्वेता धीर, बेटे निशांत धीर और बेटे प्रियांश धीर भी उनके साथ मौजूद रहे। पूरे परिवार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद लिया। मंदिर में माथा टेकने के बाद वनीत धीर ने माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि हर शुभ कार्य की शुरुआत ईश्वर के आशीर्वाद से करनी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि माता रानी की कृपा और जनता के सहयोग से वह अपने क्षेत्र की सेवा और विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने जालंधर के हरनाम दासपुरा में श्मशान घाट के नवीनीकरण के लिए 50 लाख दिए

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने आज जलि़ा प्रधान अशोक सरीन हिक्की,पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया,पूर्व विधायक केडी भंडारी,मंडल भाजपा प्रधान शितीश ढल्ल,भाजपा नेता संजू अरोड़ा,अनिल सचर,अजय जोशी,भाजपा महिला मोर्चा प्रधान शैली खन्ना,भाजपा जिला उपाध्यक्ष मीनू शर्मा,योगेश मल्होत्रा,भाजपा मंडल महामंत्री मयंक व्यास के साथ और हरनामदासपुरा शिवपुरी प्रधान जिम्मी कालिया,आप नेता नितिन कोहली की मौजूदगी में अपनी एमपीलैड निधि से शिवपुरी के नवीनीकरण के लिए 50 लाख दिए और नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया।इस अवसर पर शिवपुरी हरनामदासपुरा के प्रधान जिम्मी कालिया,नितिन कोहली व अन्य की मौजूदगी में एमपीलैड निधि का उपयोग जनभागीदारी को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों को लाभ पहुंचाने वाले विकास कार्यों में सहयोग के लिए किया जाता है। डॉ. अशोक कुमार मित्तल द्वारा दी गई 50 लाख की राशि से हरनाम दासपुरा के श्मशान घाट में उन परिवारों के लिए बेहतर और अधिक गरिमापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो कठिन समय में यहां आते हैं। उन्नत किया गया परिसर हरनाम दासपुरा, अड्डा कपूरथला और जालंधर के आसपास के क्षेत्रों के निवासियों की सेवा करेगा। यह परियोजना एक व्यापक विचार की ओर संकेत करती है कि विकास की नींव जमीनी स्तर से, स्थानीय संस्थाओं और उन्हें चलाने वाले लोगों के माध्यम से रखी जाती है। इस प्रकार की प्रबंधक कमेटियां अक्सर बिना किसी पहचान के अपने समुदायों की सेवा करती हैं। उन्हें बेहतर सुविधाओं से मजबूत करना नागरिकों को उनके अपने क्षेत्र की प्रगति में शामिल करने का एक व्यावहारिक तरीका है, क्योंकि मजबूत स्थानीय संस्थाएं मजबूत और अधिक सक्रिय समुदायों का निर्माण करती हैं। कार्यक्रम में शिवपुरी प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य, हरनाम दासपुरा के स्थानीय निवासियों के साथ उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल का स्वागत किया, कहा कि ये सुविधाएं लंबे समय से प्रतीक्षित थीं, और परियोजना के लिए 50 लाख देने हेतु डॉ. अशोक कुमार मित्तल का धन्यवाद किया। डॉ. मित्तल लगातार अपनी एमपीलैड निधि का उपयोग जनकल्याण और क्षेत्रीय विकास के लिए कर रहे हैं। इस परियोजना के लिए 50 लाख देकर उन्होंने आम लोगों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने और शहर के समग्र विकास को मजबूत करने के इस प्रयास को आगे बढ़ाया है।

जालंधर में रिटायर्ड एनएसजी कमांडो और एएसआई के बीच विवाद


तेज रफ्तार कार चलाने से रोका तो थप्पड़ मारने का आरोप!

घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया

- पुलिस कमिश्नर और पंजाब के डीजीपी से निष्पक्ष जांच की मांग की

जालंधर सिटी लाइव





जालंधर/जतिनः पंजाब के जालंधर से पुलिसकर्मी और सेना के एक रिटायर्ड कमांडो के बीच विवाद सामने आया है। आरोप है कि तेज रफ्तार से कार चलाने पर टोकने से नाराज पंजाब पुलिस के एक ASI हरीश ने रिटायर्ड NSG कमांडो संदीप कुमार के साथ बदसलूकी की, उनका गला पकड़ और थप्पड़ मार दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसके बाद मामला चर्चा में आ गया है। संदीप कुमार ने पुलिस कमिश्नर और पंजाब के DGP से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी ASI को तुरंत सस्पेंड किया जाए। फिलहाल, इस मामले में पुलिस की आधिकारिक कार्रवाई का इंतजार है। जानकारी के मुताबिक, जालंधर के चौगिटी इलाके से रिटायर्ड हस्त कमांडो संदीप कुमार ने बताया कि शुक्रवार देर शाम वह अपने कुत्ते के साथ घर के बाहर सब्जी लेने के लिए खड़े थे। इसी दौरान पंजाब पुलिस का एक ASI हरीश स्विफ्ट कार लेकर तेज रफ्तार से वहां से गुजरा। संदीप ने किसी तरह अपने कुत्ते को कार की चपेट में आने से बचाया। इसके बाद ASI को रिहायशी इलाके में इतनी तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने पर टोका। संदीप के मुताबिक, पुलिसकर्मी से कहा कि अगर उनका कुत्ता गाड़ी के नीचे आ जाता तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता? आरोप है कि इस बात पर ASI ने जवाब दिया कि कुत्ता मरा तो नहीं। इसके बाद ASI ने वर्दी की धौंस दिखाते हुए उनके साथ हाथापाई की और थप्पड़ मार दिया। दावा किया कि ASI ने उनका गला पकड़ने की कोशिश की। धक्का-मुक्की में मोबाइल जमीन पर गिरकर टूट गया और गले पर भी चोट आई।

अब रामा मंडी थाने में शिकायत दर्ज

वहीं, संदीप कुमार ने आरोप लगाया कि घटना के बाद 112 पर कॉल करके उल्टा उन्हीं के खिलाफ शिकायत कर दी। ASI की पत्नी भी पुलिस विभाग में SHO हैं और इसी वजह से उन पर समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि, रिटायर्ड कमांडो ने साफ कहा है कि वह किसी दबाव में समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने सिविल अस्पताल से MLR भी कटवा ली है और अब रामा मंडी थाने में शिकायत दर्ज करवाने की बात कही है।

तरनतारन के नौशहरा के पास दर्दनाक सड़क हादसा

पंजाब सरकार की चलाई जा रही 'तीर्थ यात्रा' बसों की आपस में टक्कर, हादसे में 6 की मौत!

- पुलिस ने लोगों की मदद से घायल अस्पताल पहुंचाये

जालंधर सिटी लाइव





तरनतारन। तरनतारन के नौशहरा के पास पंजाब सरकार की तरफ से चलाई जा रही 'तीर्थ यात्रा' बसों की आपस में टक्कर हो गई। शुरूआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद लोगों में चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद पुलिस को इस घटना की जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि एक बस श्रद्धालुओं को अमृतसर में माथा टेकने के बाद बगरादी लेकर जा रही थी। इसी दौरान ही तरनतारन के नौशहरा के पास बाइक सवारों को बचाने की कोशिश में एक बस का संतुलन बिगड़ गया। बस डिवाइडर पार करके दूसरी तरफ पहुंच गई और सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई।

पुलिस रेस्क्यू में जुटी, घायलों को अस्पताल भेजा

हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस रेस्क्यू करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि दोनों बसों में 37 लोग सवार थे, जिनमें से 6 की मौत हो गई। हालांकि हादसे में कितने लोग घायल हुए हैं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

INNOCENT HEARTS SCHOOL
Learning Today... Leading Tomorrow !
Nursery to Grade-12
(Affiliated to CBSE)
1800 833 4600 www.innocenthearts.in
ADMISSION OPENS SESSION 2027 -28
REGISTRATIONS START FROM AUGUST 04, 2026
*Seat availability as per the vacancy at respective campuses
NURSERY, LKG & UKG
Our Campuses in Jalandhar*
GMT Green Model Town
LOHARAN Nakodar Road
DIWALI Cantt.- Jandiala Road
NOORPUR Pathankot Road
KPT. ROAD Sports & Surgical Complex, Kapurthala Road

14-11-2026_Layout 1 15-11-2026 00:46 Page 2

लुधियाना में चोरों ने दिया बड़ी वारदात अंजाम

हौजरी फैक्ट्री से 1 करोड़ का माल चोरी

- भाईदूज पर फैक्ट्री पहुंचे तो टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर होश उड़ गए
- फैक्ट्री में रखा सर्दियों के सीजन का पूरा तैयार हौजरी स्टॉक चोरी कर ले गए हैं

दो गाड़ियों में सामान भरकर दर्जनभर बदमाश फरार



जालंधर सिटी लाइव

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना से चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। यहां पुनीत नगर इलाके में चोरों ने एक हौजरी फैक्ट्री को निशाना बनाते हुए 1 करोड़ रुपये से अधिक का माल चोरी कर लिया। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने पूरी वारदात को अंजाम देने के लिए करीब एक दर्जन लोगों का गिरोह बनाया और दो बड़ी गाड़ियों में सामान भरकर फरार हो गए। यह वारदात त्योहारी छुट्टियों के दौरान देर रात करीब 2 बजे हुई। सर्दियों के सीजन का पूरा तैयार हौजरी स्टॉक चोरी कर ले गए। बदमाश महंगी मशीनों के पुर्जे, एसी और सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर तक उखाड़कर अपने साथ ले गए। फिलहाल थाना टिब्बा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मौके से मिले औजारों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कर रही है। फैक्ट्री मालिक रोहन दिवाली की रात फैक्ट्री में पूजा करने के बाद ताला लगाकर घर चले गए थे। अगले दिन विश्वकर्मा दिवस की छुट्टी थी। जब वे भाईदूज के दिन फैक्ट्री पहुंचे, तो वहां के टूटे हुए ताले और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। वहीं, फैक्ट्री मालिक रोहन ने आशंका जताई है कि इस वारदात के पीछे किसी जानकार का हाथ हो सकता है, जिसे फैक्ट्री की छुट्टियों की जानकारी थी।

दो गाड़ियों में भरकर ले गए सामान

बताया जा रहा है कि चोर बोलेरो और टाटा 407 जैसी दो गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे थे। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक बांस के लंबे डंडे की मदद से फैक्ट्री की दीवार फांदकर अंदर घुसता दिखाई दे रहा है। इसके बाद उसने गेट खोलकर अपने अन्य साथियों को अंदर बुला लिया। छत पर छोटे पैरों के निशान भी मिले हैं, जिसके आधार पर फैक्ट्री मालिक ने गिरोह में एक नाबालिग के शामिल होने की आशंका जताई है।

उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हादसा

चलती बस बनी आग का गोला, ड्राइवर की सूझबूझ से 40 यात्रियों की बची जान

- 6 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा-नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक माह पहले ऐसा हादसा
- इस बस में 40 यात्री सवार थे, ये बस दिल्ली से मध्य प्रदेश की ओर जा रही थी
- चालक की सतर्कता और समय पर लिए गए सही फैसले के कारण जान बची



जालंधर सिटी लाइव

उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दिल्ली से मध्य प्रदेश जा रही यात्रियों से भरी चलती बस अचानक आग की चपेट में आ गई। घटना के समय बस में 40 यात्री सवार थे। बस में आग लगते ही चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी रोकी और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। चलती बस में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। करीब एक महीने पहले 6 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा-नोएडा एक्सप्रेसवे पर भी ऐसा ही हादसा हुआ था। उस समय नोएडा से आगरा जा रही तेज रफ्तार स्लीपर बस अचानक आग की लपटों में घिर गई थी। बताया जा रहा है कि बस दिल्ली से मध्य प्रदेश की ओर जा रही थी। इसी दौरान यमुना एक्सप्रेसवे पर अचानक बस से आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। बस में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालात की गंभीरता को समझते हुए चालक ने तुरंत बस रोक दी और यात्रियों को बाहर निकलने में मदद की। बस में सवार सभी 40 लोग समय रहते सुरक्षित बाहर आ गए।

पुलिस और फायर ब्रिगेड़ ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। दमकलकर्मियों ने तुरंत आग बुझाने का अभियान शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। चालक की सतर्कता और समय पर लिए गए फैसले के कारण बस में सवार सभी यात्रियों की जान बच गई। हादसे में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है।

पंजाब के युवाओं के लिए करोड़पति बनने का शानदार मौका

अब हर पंजाबी बन सकता है करोड़पति, सीएम मान ने लॉन्च किया 'पंजाब दा करो पति' क्वीज़

- 'पंजाब दा करोड़पति' प्रतियोगिता में 15 से 30 साल तक के युवा वर्ग हिस्सा ले सकेंगे

यह प्रतियोगिता टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' (KBC) की तर्ज पर आयोजित होगी



जालंधर सिटी लाइव

पंजाब के युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाकर करोड़पति बनने का शानदार मौका आने वाला है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 'पंजाब दा करोड़पति' क्विज शो का पोर्टल लॉन्च कर दिया है। यह प्रतियोगिता टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' (चक्षष्ट) की तर्ज पर आयोजित की जाएगी। इसमें पंजाब से जुड़े अलग-अलग विषयों पर सवाल पूछे जाएंगे और सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को नकद इनाम दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में जीतने वाले एक प्रतिभागी को 1 करोड़ रुपये का बड़ा पुरस्कार मिलेगा, जबकि चार अन्य विजेताओं को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री के मुताबिक, इस क्विज शो के जरिए कुल 10 हजार लोगों को पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि 'पंजाब दा करोड़पति' प्रतियोगिता में 15 से 30 साल तक की उम्र के युवा हिस्सा ले सकेंगे। इसका उद्देश्य पंजाब के युवाओं को अपनी जानकारी और प्रतिभा दिखाने के लिए एक बड़ा मंच उपलब्ध करवाना है। प्रतिभागियों से पंजाब के इतिहास, संस्कृति और अन्य महत्वपूर्ण विषयों से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। सवालों के सही जवाब देकर युवा अंक हासिल कर सकेंगे और प्रतियोगिता में आगे बढ़ने का मौका पाएंगे। 'पंजाब दा करोड़पति' क्विज शो कुल 11 राउंड में आयोजित किया जाएगा। इनमें शुरुआती 9 राउंड ऑनलाइन होंगे। ये राउंड पंजाब के सभी 23 जिलों में आयोजित किए जाएंगे। ऑनलाइन राउंड के प्रदर्शन के आधार पर प्रत्येक जिले से प्रतिभागियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद चयनित युवा प्रतियोगिता के अगले चरण में पहुंचेंगे। अंतिम दो राउंड यानी 10वां और 11वां राउंड फिजिकल तरीके से आयोजित किए जाएंगे।

एक करोड़ के साथ 10 लाख के भी मिलेंगे इनाम

इस प्रतियोगिता का सबसे बड़ा आकर्षण इसका ग्रैंड फिनाले होगा। इसमें विजेता प्रतिभागी को 1 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा चार अन्य प्रतिभागियों को 10-10 लाख रुपये मिलेंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 10 हजार लोगों को पुरस्कार देने का लक्ष्य रखा गया है। यानी इनाम पाने का मौका केवल टॉप-5 प्रतिभागियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को इसका लाभ मिल सकता है।

2027 विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब आएंगे बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन

जालंधर से करेंगे बड़ी यात्रा शुरू



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/सिद्धः पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने भी राज्य में अपनी राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियां बढ़ा दी हैं। इसी कड़ी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 18 नवंबर को पंजाब दौरे पर पहुंचेंगे। राजनीतिक नजरिए से भी नितिन नबीन का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। इस दौरान वह जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां से 'समरसता संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाएंगे। यह यात्रा श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित होगी। BJP इस आयोजन के जरिए गुरु रविदास जी की शिक्षाओं और सामाजिक समानता के संदेश को देशभर में पहुंचाने की तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक, 'समरसता संकल्प यात्रा' 18 नवंबर को जालंधर के प्रसिद्ध धार्मिक केंद्र डेरा सचखंड बल्लां से शुरू होगी। इसके बाद यात्रा अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से होते हुए 3 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में संपन्न होगी। करीब 2,558 किलोमीटर लंबी इस यात्रा का उद्देश्य श्री गुरु रविदास जी के सामाजिक समानता, आपसी भाईचारे, मानव कल्याण और सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए BJP अपनी रणनीति को धार देने में जुटी है। नितिन नबीन के दौरे को इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। BJP इस आयोजन के जरिए यह संदेश देना चाहती है कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर गंभीर है और पंजाब में अपना राजनीतिक आधार मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है।

अनुसूचित जाति की वोट बैंक पर बीजेपी की नजर

पंजाब की राजनीति में अनुसूचित जाति समुदाय की अहम भूमिका रही है। BJP गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाओं और उनके सामाजिक समरसता के संदेश के जरिए अपनी पहुंच बढ़ाना चाहती है। जालंधर का डेरा सचखंड बल्लां और उत्तर प्रदेश का वाराणसी श्री गुरु रविदास महाराज जी के अनुयायियों के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखते हैं। ऐसे में यह यात्रा दोनों स्थानों को सामाजिक और धार्मिक रूप से जोड़ने का प्रयास करेगी।

एच.एम.वी. में श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित सेमिनार का आयोजन




जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। पंजाब सरकार के विशेष निर्देशों और उ'च शिक्षा विभाग के विशेष प्रयासों से, जालंधर के हंसराज महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. एकता खोसला के नेतृत्व में श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्यातिथि श्री मोहिंदर भगत ने श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी की वाणी मनुष्यों को जाति-पाति, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवाकरने की प्रेरणा देती है। उन्होंने एच.एम.वी. की सौ वर्षों कीगौरवशाली शैक्षिक विरासत की भी सराहना की। इस अवसर पर उ'च शिक्षा विभाग के उप-निदेशक डॉ. नवदीप सिंह जी ने भीअपनी विशेष उपस्थिति से सेमिनार की शोभा बढ़ाई। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम के महत्व को और अधिक बढ़ा दिया। विशेष अकादमिक वक्ता के रूप में रा'य पुरस्कार प्राप्त और सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) श्री रूप लाल रूप ने श्री गुरु रविदास जी की वाणी के दार्शनिक, सामाजिक और आध्यात्मिक पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गुरु जी की वाणी में निहितसमानता, श्रम, विनम्रता, आध्यात्मिक स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा के विचारों को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि गुरुरविदास जी की वाणी केवल धार्मिक विचारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक अमूल्य धरोहर है जो सामाजिक परिवर्तन और मानवीय चेतना को एक नई दिशा प्रदान करती है।

पंजाब में सीएम मान के ओएसडी से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई की जांच तेज

रेडक्रॉस और हथियार लाइसेंस की फाइलें तलब

- मोहाली डीसी को दो बार नोटिस जारी, रोशन लाल के नाम पर जारी आर्म्स लाइसेंस की मूल फाइल मांगी; दान राशि के हिसाब-किताब की भी होगी पड़ताल



जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के कार्यालय से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। जांच एजेंसी ने अब मोहाली जिला प्रशासन से हथियार लाइसेंस और भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी से संबंधित महत्वपूर्ण रिकॉर्ड मांगे हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन सहित कई अन्य लोगों के नाम आरोपियों में शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, CBI ने मोहाली के डिप्टी कमिश्नर को दो अलग-अलग नोटिस जारी कर संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है। पहले नोटिस में रोशन लाल के नाम पर हथियार लाइसेंस जारी करने और उसकी प्रक्रिया से जुड़ी मूल फाइल मांगी गई है। एजेंसी ने इस फाइल को जांच के लिए चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में पेश करने के निर्देश दिए हैं। सीबीआई ने मोहाली की भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़े दस्तावेज भी मांगे हैं। इनमें सोसायटी के उपनियम, दान राशि एकत्र करने की प्रक्रिया, प्राप्त धन के खर्च से संबंधित दिशा-निर्देश और बैठकों की कार्यवाही शामिल हैं। एजेंसी यह पता लगाना चाहती है कि दान के रूप में प्राप्त धनराशि का इस्तेमाल किन नियमों और प्रक्रियाओं के तहत किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, मोहाली जिला प्रशासन ने अभी तक रेडक्रॉस सोसायटी का केवल मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन उपलब्ध कराया है। बाकी जरूरी दस्तावेज अभी उपलब्ध नहीं करवाए गए हैं।


5 अक्टूबर को दर्ज हुई थी एफआईआर

इस मामले में सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा ने 5 अक्टूबर को राजबीर सिंह घुम्मन और अन्य लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की थी। जांच में आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों ने कथित तौर पर सरकारी अधिकारियों की पोस्टिंग, विभागीय कार्रवाई, नीतिगत फैसलों और लाइसेंस से जुड़े मामलों को प्रभावित करने की कोशिश की थी। हालांकि, इन आरोपों की जांच अभी जारी है और किसी भी आरोपी को दोषी घोषित नहीं किया गया है। इससे पहले CBI ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में पंजाब सरकार पर जांच में पूरा सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया था। एजेंसी का कहना था कि बार-बार मांगने के बावजूद उसे मूल सरकारी फाइलें उपलब्ध नहीं करवाई जा रहीं और कुछ मामलों में अधूरे प्रमाणित दस्तावेज ही दिए गए हैं।

पंजाब पुलिस को मिली बड़ी सफलता

अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की धमकी देने वाला 'कोबरा' गिरफ्तार

गिरफ्तारी के बाद अदालत में पेश किया, जहां से एक दिन का पुलिस रिमांड



- गिरफ्तारी के बाद ही पता चला मामला केजरीवाल को धमकी देने से जुड़ा

जालंधर सिटी लाइव

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (क) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को धमकी देने के मामले में पंजाब पुलिस ने हरियाणा के रोहतक से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कोमल उर्फ कोबरा जांगड़ा के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने शनिवार (14 नवंबर) को उसे अदालत में पेश किया, जहां से एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। अब पुलिस उससे पूछताछ कर धमकी देने के पीछे की वजह, इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबर और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाएगी। आरोपी के भाई तिलकराज के मुताबिक, पंजाब पुलिस शुक्रवार को रोहतक की शास्त्री कॉलोनी पहुंची थी और वहां से कोमल को अपने साथ ले गई। परिवार को उसकी गिरफ्तारी के बाद ही पता चला कि मामला अरविंद केजरीवाल को धमकी देने से जुड़ा है। आरोपी पहले रोहतक के ष्ठ्ट ऑफिस में क्लर्क के पद पर काम करता था, लेकिन करीब छह महीने पहले उसे नौकरी से टर्मिनेट कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार, कोमल मूल रूप से रोहतक के समरगोपालपुर कलां गांव का रहने वाला है। वह पिछले कुछ सालों से अपने परिवार के साथ रोहतक की अमृत कॉलोनी में रह रहा था। बताया जा रहा है कि कोमल को अपना असली नाम पसंद नहीं था। इसी वजह से उसने अपना नाम बदलकर 'कोबरा' रख लिया था। अब केजरीवाल को धमकी देने के मामले में गिरफ्तारी के बाद उसका नाम चर्चा में आ गया है।

आप विधायक जरनैल सिंह ने दर्ज करवाई शिकायत

इस मामले की शुरुआत दिल्ली के तिलक नगर से क्विधायक जरनैल सिंह की शिकायत से हुई थी। 6 नवंबर को शाम करीब 6 बजे उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। उन्हें वॉट्सऐप पर भी धमकी भरा संदेश भेजा गया था। पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान हरियाणा के रोहतक के रहने वाले कोमल उर्फ कोबरा जांगड़ा का नाम सामने आया।

गरीबी उन्मूलन और आर्थिक नीतियों के मोर्चे पर भारत की ऐतिहासिक सफलता

- पाकिस्तान में अमीर और गरीब के बीच की खाई चौड़ी व आर्थिक दबाव बढ़ रहा है

करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर आए, वहीं पाकिस्तान में तेजी से ऊपर गया ग्राफ



जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। गरीबी उन्मूलन और आर्थिक नीतियों के मोर्चे पर भारत ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है, जबकि पड़ोसी देश पाकिस्तान इस मामले में काफी पिछड़ता नजर आ रहा है। प्रतिष्ठित 'यूरोपियन टाइम्स' में प्रकाशित एक लेख में विश्व बैंक की ताजा 'गरीबी और समानता रिपोर्ट' के आंकड़ों का हवाला देते हुए दोनों देशों की आर्थिक स्थिति की तुलना की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, जहां भारत में करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, वहीं पाकिस्तान में गरीबी का ग्राफ तेजी से ऊपर गया है। लेख के अनुसार, भारत ने अपनी आर्थिक नीतियों के केंद्र में गरीबी उन्मूलन को रखा और रोजगार के नए अवसर पैदा करने के साथ सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं का दायरा बढ़ाया। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में प्रतिदिन 3 डॉलर (लगभग 250) से कम आय पर जीवनयापन करने वाली आबादी का अनुपात 2011 में 27.1 प्रतिशत था, जो साल 2023 में लुढ़क कर मात्र 2.6 प्रतिशत पर आ गया। भारत में लगभग 49.6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठने में सफल रहे। रिपोर्ट के मुताबिक बड़ी उपलब्धि रोजगार के बढ़ते अवसरों, ग्रामीण महिलाओं की कार्यबल में बढ़ती भागीदारी के कारण संभव हुई है।

आंकड़ों के मुताबिक, साल 2017 से 2023 के बीच देश में रोजगार के अवसरों में करीब 13.4 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई, जो इसी समय में कामकाजी उम्र की आबादी में हुई बढ़ोतरी से लगभग दोगुनी है। इसके अलावा, मुफ्त या रियायती खाद्य सहायता योजनाओं का विस्तार कर बड़ी आबादी को राहत दी गई। डिजिटल पहचान (आधार) और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के जरिए सीधे बैंक खातों में पैसे भेजने की पारदर्शी व्यवस्था ने लीकेज रोकने में अहम भूमिका निभाई। इस तकनीक आधारित व्यवस्था की मदद से साल 2024 तक अनुमानित 3.48 लाख करोड़ रुपये की हेराफेरी या भ्रष्टाचार को रोका जा सका है। भारत के बिल्कुल विपरीत, पाकिस्तान में आर्थिक संकट और गलत नीतियों के चलते गरीबी की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, पाकिस्तान में 3 डॉलर प्रतिदिन की आय से कम पर जीने वाले लोगों का प्रतिशत 2018-19 में 16.5 प्रतिशत था, जो बढ़कर 2024 तक 23 प्रतिशत हो गया।

14-11-2026_Layout 1 15-11-2026 00:46 Page 3

हरियाणा के कैथल में दर्दनाक सड़क हादसा

कैथल में पाई-सिसमोर रोड पर रजवाहे की पुलिया से टकराई कार के उड़े परखच्चे; 3 युवकों की मौत

जालंधर सिटी लाइव

हरियाणा के कैथल में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की जान चली गई। गांव करोड़ा से कैथल जा रही एक कार पाई-सिसमोर रोड पर रजवाहे की पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले तीनों युवक गांव करोड़ा के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान नवदीप (19), प्रदीप (27) और अजय (22) के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत टीमें मौके पर पहुंचीं। दुर्घटना में घायल लोगों को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक, तीनों युवक परिवार के एक सदस्य से मिलने के लिए कार में सवार होकर गांव करोड़ा से कैथल की तरफ जा रहे थे। जब उनकी गाड़ी पाई-सिसमोर रोड पर रजवाहे की पुलिया के पास पहुंची तो मोड़ पर अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया। इसके बाद तेज रफ्तार कार सीधे पुलिया से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।



पुलिया के मोड़ पर बिगड़ा कार का संतुलन

हादसा रजवाहे की पुलिया के पास सड़क के मोड़ पर हुआ। शुरुआती जानकारी के अनुसार, मोड़ पर कार अनियंत्रित होने के कारण यह दुर्घटना हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तीनों युवकों की मौत से गांव करोड़ा में शोक की लहर है। मृतकों की उम्र 19 से 27 साल के बीच थी। एक साथ तीन युवकों की मौत से परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

आपको अगले दो महीनों में 10 से 15 परिवारों को मावां धीयां दी फौज में जोड़ना है : बीबी हरसिमरत कौर बादल

आम आदमी पार्टी सरकार पंजाब के नौजवानों के खिलाफ जंग की अध्यक्षता कर रही

जालंधर सिटी लाइव

मोगा। शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं बठिंडा सांसद बीबी हरसिमरत कौर बादल ने आज कहा है कि आम आदमी पार्टी सरकार नशे के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बजाय पंजाब के नौजवानों के खिलाफ युद्ध की अध्यक्षता कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नशे के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान को व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह ठहराया जाएगा। निहालसिंहवाला में विशाल महिला सभा की बठिंडा सांसद ने अध्यक्षता की, जिसमें प्रतिभागियों ने नशे के तस्करों से खुद निपटने का आश्वासन दिया। बीबी बादल ने कहा,'' लाखों माताएं अपने बेटों को खोने का शोक मना रही हैं, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान पंजाब में नशे के खात्मे की घोषणा करने वाले पोस्टर वॉर में व्यस्त हैं।'' भगवंत मान से यह सवाल पूछा कि उन्होंने पिछले पांच सालों में किसी भी ड्रग तस्कर को गिरफ्तार क्यों नही किया यां किसी भी 'चिटटा' का निर्माण करने वाले कारखाने का भंडाफोड़ क्यों नही किया? बीबी बादल ने कहा,'' आपने घोषणा की थी कि आप जानते हैं कि यह नशा कौन वितरित कर रहा है और इनका निर्माण कहां किया जा रहा ? फिर भी आपने इन मौत के इन दूतों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नही की और इसके बजाय मोहनजीत सिंह शेरों जैसे मुखबिरों को यातना देकर उन्हें निशाना बनाया गया।'' उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार ने मानसा के एसएसपी वैभव चैधरी का तबादला करने से इंकार कर दिया, जिन्होंने आपराधिक मामलों में फंसे मेडिकल स्टोर के मालिक को दो हथियार का लाइसेंस दिया था, जिसने नशा-विरोधी कार्यकर्ता परमिंदर सिंह झोटा की बेरहमी से कत्ल कर दिया।




सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल को 'सरिता-ए-इंसानियत' समारोह का आधिकारिक निमंत्रण, सर्व धर्म ख्वाजा मंदिर परिवार ने सौंपा आमंत्रण

- 27 से 29 नवंबर तक होशियारपुर में होगा 15वां वार्षिक सर्व धर्म समभाव समारोह, तीन दिवसीय आयोजन में आस्था, वफ़ादारी, मानवता, सूफ़ीवाद और राष्ट्रीयता का दिया जाएगा संदेश

जालंधर सिटी लाइव

होशियारपुर। सर्वधर्म समभाव, धार्मिक एकता, राष्ट्रीयता और मानवता की सेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से होशियारपुर स्थित सर्व धर्म ख्वाजा मंदिर में 27, 28 और 29 नवंबर को 15वें वार्षिक सर्व धर्म समभाव समारोह 'सरिता-ए-इंसानियत' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में समारोह में शामिल होने के लिए माननीय सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल को सर्व धर्म ख्वाजा मंदिर परिवार की ओर से आधिकारिक निमंत्रण सौंपा गया। यह तीन दिवसीय भव्य आयोजन कन्वीनर डॉ. सूफी राज जैन (भारत गौरव रत्न एवं राष्ट्रीय पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित) के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। समारोह का मुख्य उद्देश्य सभी धर्मों के प्रति सम्मान, जरूरतमंदों की सेवा, आपसी प्रेम, शांति, राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक विचारधारा के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति प्रेम, समर्पण और जिम्मेदारी भी प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है। 'सरिता-ए-इंसानियत' के माध्यम से वफ़ादारी, त्याग, समर्पण और इंसानियत जैसे मूल्यों को याद किया जाएगा। साथ ही इस बात पर विशेष बल दिया जाएगा कि जब समाज में धार्मिक सद्भाव, सामाजिक समानता और आपसी विश्वास मजबूत होते हैं, तभी एक सशक्त, एकजुट और विकसित राष्ट्र की नींव तैयार होती है। राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता बनाए रखना हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सर्व धर्म ख्वाजा मंदिर परिवार ने सभी धर्मों और समुदायों के लोगों से समारोह में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की। परिवार की ओर से कहा गया कि धर्म और मजहब से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करना, देश के प्रति सम्मान रखना और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान देना ही इस आयोजन की मूल भावना है। समारोह के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि आस्था के रास्ते भले ही अलग-अलग हों, लेकिन इंसानियत, प्रेम, सेवा, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम का उद्देश्य एक ही है। देश की असली ताकत उसकी विविधता, सांस्कृतिक विरासत और एकता में निहित है। जब हर धर्म और समुदाय का व्यक्ति मानवता के साथ-साथ राष्ट्रहित को भी प्राथमिकता देगा, तभी मजबूत समाज और सशक्त भारत का निर्माण संभव होगा। 'सरिता-ए-इंसानियत' इसी विचारधारा को समर्पित एक विशेष आयोजन होगा, जहां सर्वधर्म सद्भाव के साथ राष्ट्रीयता, देशभक्ति और मानवता के साझा मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा।



- डॉ. सूफी राज जैन के मार्गदर्शन में होगा भव्य आयोजन, सर्वधर्म सद्भाव, राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, सूफ़ी संदेशों , जरूरतमंदों की सेवा और देश के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों को मजबूत करने का लिया जाएगा संकल्प।

अमेरिका में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम फेल

4 घंटे तक थमीं उड़ानें, 8 हजार से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द

- देश के सभी एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स रोकने का आदेश जारी किया था
- शुरुआती जांच में खराबी के पीछे साइबर हमले के संकेत नहीं मिले हैं

जालंधर सिटी लाइव

अमेरिका से हवाई यात्रा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। देशभर में एयर ट्रैफिक कंट्रोल के कम्युनिकेशन सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण शुक्रवार को 4 घंटे से ज्यादा समय तक विमानों की उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (स्र) ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए देश के सभी एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स रोकने का आदेश जारी किया था। शुरुआती जांच में इस खराबी के पीछे किसी साइबर हमले के संकेत नहीं मिले हैं। टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम में तकनीकी गड़बड़ी इसकी वजह हो सकती है। हालांकि, खराबी का असली कारण स्पष्ट नहीं है। इस तकनीकी गड़बड़ी का असर इतना व्यापक रहा कि 8 हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, जबकि करीब 15 लाख यात्री प्रभावित हुए। शुक्रवार रात उड़ानों पर लगी रोक हटा दी गई, लेकिन फ्लाइट्स का संचालन पूरी तरह सामान्य नहीं हो सका। शनिवार को भी बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द और लेट रहीं। वहीं, स्र के अधिकारी जांच कर रहे हैं कि कहीं इस गड़बड़ी का संबंध हाल ही में लगाए गए नए ढ्ढ सिस्टम से तो नहीं है। गौरतलब है कि 11 सितंबर 2001 के आतंकी हमलों के बाद यह अमेरिका में देशव्यापी उड़ानें रोकने की दूसरी बड़ी घटना बताई जा रही है। इससे पहले जनवरी 2023 में स्र के कंप्यूटर सिस्टम में खराबी के कारण भी देशभर में हवाई सेवाएं प्रभावित हुई थीं।



तकनीकी खराबी की जांच की जा रही

इस घटना के बाद अमेरिकी एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम को आधुनिक बनाने की जरूरत पर भी सवाल उठने लगे हैं। अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने सिस्टम को अपग्रेड करने के लिए 50 अरब डॉलर की मांग की है। फिलहाल अधिकारी तकनीकी खराबी की जांच कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्थाओं एवं रक्तदाताओं को किया सम्मानित

जालंधर सिटी लाइव

जालन्धर। नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार तथा पंजाब स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल के दिशा-निर्देशों के तहत ब्लड सेंटर, सिविल अस्पताल जालन्धर शहर एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पंजाब द्वारा स्थानीय होटल में नेशनल वॉलंटरी ब्लड डोनेशन डे (राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन जालन्धर डॉ. राजेश गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि सिविल अस्पताल की मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. नमिता घई विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का फूलों के गमले भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन अधिकारी डॉ. गुरपिंदर कौर ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने रक्तदान के महत्व, स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता तथा रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को मिलने वाले जीवनदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सिविल सर्जन डॉ. राजेश गर्ग ने अपने संबोधन में स्वैच्छिक रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। जरूरत के समय किसी व्यक्ति को दिया गया रक्त उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से बिना किसी भय और भ्रांति के नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. नमिता घई ने कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक एवं मानवीय कार्य है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने रक्तदान शिविरों के आयोजन में सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों और युवाओं की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग स्कूल की छात्राओं ने रक्तदान के महत्व एवं जागरूकता पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, जिसकी उपस्थित लोगों ने भरपूर सराहना की। वहीं नन्हे बच्चों ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।




समाजसेवी संस्थाओं एवं रक्तदाताओं का विशेष सम्मान

कार्यक्रम के समापन अवसर पर रक्तदान एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाली विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली संस्थाओं में हिन्दुस्तान वेलफेयर ब्लड डोनेशन क्लब, फगवाड़ा, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, पहल एनजीओ, सहारा वेलफेयर सोसाइटीज, आईटीबीपी यूनिट सराय खास, प्रजापिता ईश्वरीय ब्रह्माकुमारी आश्रम, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी तथा अल्फा महेन्द्रू फाउंडेशन सहित कई अन्य एनजीओ एवं सामाजिक संस्थाएं शामिल रहीं। इस अवसर पर नियमित रक्तदान कर मानवता की सेवा करने वाले रक्तदाताओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इनमें जतिन्द्र सोनी को 171 बार, अमरीक सिंह काहलों को 125 बार तथा जतिन मट्टू को 106 बार रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया गया। इनके अलावा कई अन्य नियमित रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लड ट्रांसफ्यूजन अधिकारी डॉ. रोमनना, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. सुरजीत लाल, अल्फा महेन्द्रू फाउंडेशन के अध्यक्ष रमेश महेन्द्रू तथा पीआरओ परषोतम लाल शर्मा, अजय कुमार सहित काफी संख्या में समाजसेवी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति व ब्लड बैंक की टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम ने स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर सेवाएं दे रहे रक्तदाताओं एवं सामाजिक संस्थाओं के योगदान को सम्मान देने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

के.एम.वी. ने रोजगार नियुक्तियों के क्षेत्र में कायम रखी अपनी उत्कृष्टता, छात्राओं को मिला निःशुल्क औद्योगिक प्रशिक्षण का अवसर



जालंधर। कन्या महाविद्यालय (स्वायत्त), छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। महाविद्यालय का रोजगार नियुक्ति प्रकोष्ठ अपनी अथक मेहनत और निरंतर प्रयासों के कारण रोजगार नियुक्तियों के क्षेत्र में शानदार रिकॉर्ड कायम करता आ रहा है। पिछले कई वर्षों से महाविद्यालय की छात्राओं का प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों में सफलतापूर्वक चयन होता रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, बैंगलोर स्थित टेस्ट यंत्र सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस की इकाई क्यू-स्पाइडर्स द्वारा रोजगार नियुक्ति एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बी.सी.ए. तथा बी.एससी. (सूचना प्रौद्योगिकी) के पाँचवें सत्र की 13 छात्राओं का क्यू-स्पाइडर्स के नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन किया गया। चयनित छात्राओं को हजारों रुपये मूल्य का प्रशिक्षण बिल्कुल नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विशेष सॉफ्टवेयर पैकेजों एवं विभिन्न कार्यप्रणालियों का ज्ञान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, वे आगे की चयन प्रक्रिया के लिए विभिन्न कंपनियों द्वारा आयोजित किए जाने वाले साक्षात्कारों में भी भाग लेंगी। यह चयन छात्राओं को बिना किसी शुल्क के व्यवस्थित एवं उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य उनके तकनीकी कौशल, व्यावसायिक दक्षता और आत्मविश्वास को बढ़ाना है, ताकि वे सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बेहतर करियर बनाने के लिए तैयार हो सकें। इन छात्राओं ने एक कठिन चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त करके अपनी योग्यता सिद्ध की। इस प्रक्रिया के दौरान उनकी तार्किक क्षमता, तकनीकी ज्ञान और संवाद कौशल का मूल्यांकन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की निदेशक प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने चयनित छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने रोजगार नियुक्ति प्रकोष्ठ की अधिष्ठाता डॉ. सुमन खुराना द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. खुराना की पहल महाविद्यालय की छात्राओं की रोजगार क्षमता को विकसित करने पर केंद्रित है तथा उनकी समर्पित भावना छात्राओं की वास्तविक करियर सफलता के रूप में दिखाई दे रही है।







14-11-2026_Layout 1 15-11-2026 00:46 Page 4

सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल, न्यू डिफेंस कॉलोनी, जालंधर में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास, खुशी एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती बबीता शर्मा की देखरेख में किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए इस दिन को यादगार बनाना तथा उन्हें अपनी खेल प्रतिभा दिखाने, मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेने और अपने मित्रों के साथ खूबसूरत यादें संजोने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक गीत एवं सामूहिक शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर आदरणीय चेयरमैन साहब को याद करते हुए उन्हेंश्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी दूरदर्शी सोच, आदर्श एवं योगदान आज भी सेंट सोल्जर परिवार के लिए प्रेरणास्रोत हैं। समारोह के दौरान सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने खेलकूद, मनोरंजक गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लिया आनंद



इनमें 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर रिले दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद तथा प्री-प्राइमरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए बाधा दौड़ शामिल रही। विद्यार्थियों ने बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में भी उत्साहपूर्वकभाग लिया। कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए नीलाम घर (लकी ट्री) उपहार गतिविधि, डीजे पार्टी, फूड स्टॉल, मिकी माउस, मनोरंजक झूले एवं सीनियर विद्यार्थियों के लिए पहेलियां तथा म्यूजिकल चेयर जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। पूरा स्कूल परिसर बच्चों कीहंसी, तालियों और उत्साह से गूंज उठा तथा सभी विद्यार्थियों ने इस विशेष दिन का भरपूर आनंद लिया। ग्रुप चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा ने स्कूल प्रबंधन एवं स्टाफ द्वारा आयोजित इस शानदार एवं यादगार समारोह की सराहना की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बचपन जीवन का सबसे अनमोल समय होता है।







